Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Singh Shri Bijendra

>

Title Regarding increase in the capacity of Narora Atomic Power Plant.

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे नरौरा पॉवर प्लांट पर बोलने का मौका दिया। मैं यू.पी.ए. की चेयरपर्सन मैडम सोनिया गांधी और डा. मनमोहन सिंह जी को बधाई देना चाहता हूं।

अध्यक्ष जी, आज हमारे देश की जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है जिससे उसे कई समस्याओं से संघा करना पड़ रहा है। इस जनसंख्या के लिये बिजली एक औक्सीजन के रूप में काम में लाई जा रही है। आज हर आदमी को बिजली की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के इस पॉवर प्लांट का शिलान्यास 1973 में स्व. इन्दिरा गांधी ने किया था। उस समय यहां 6 यूनिट्स लगाये जाने का प्रावधान किया गया था। इसके लिये किसानों की हज़ारों एकड़ जमीन ले ली गई थी। सभी संसाधनों के बावजूद हज़ारो करोड़ रुपये खर्च करने पर भी कुल मिलाकर तीन यूनिट्स लगाये गये हैं। जब अन्य तीन यूनिट्स के लिये संसाधन मौजूद हैं, नहर निकालने पर हज़ारों करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं, जमीन उपलब्ध है तो फिर इस कार्य में विलम्ब क्यों किया जा रहा है। सरकार द्वारा किसी अन्य स्थान पर इस संयंत्र को ले जाने से कठिनाइयां पैदा होंगी। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि तीन बाकी बचे हुये यूनिट्स को वहां ही स्थापित किया जाये।

अध्यक्ष जी, सरकार ने विदेश में जाकर परमाणु शक्ति के उपयोग में बिजली उत्पादन करने के लिये समझौता किया है। अगर सरकार वचनबद्ध है तो जब इस प्लांट में विद्युत का उत्पादन किया जाना है तो तुरंत तीन यूनिट्स को स्थापित किये जाने की दिशा में केन्द्र सरकार कार्यवाही करे।